www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com
a2zsubjects.com

विषय : व्यावहारिक अर्थशास्त्र एवं वाणिज्यिक भूगोल

Set-A

नोट : सभी प्रश्नों को हल कीजिए।

निर्देश—(i) प्रश्न क्रमांक 1 में 10 अंक निर्धारित है। इसमें दो उपखण्ड हैं। खण्ड (अ) में बहुविकल्पीय प्रश्न तथा खण्ड (ब) हमें रिक्त स्थानों की पूर्ति वाले प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक आबंटित है।

(ii) प्रश्न क्रमांक 2 से 9 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 30 शब्द)

(iii) प्रश्न क्रमांक 10 से 15 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 50 शब्द)

(iv) प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में एक आंतरिक विकल्प हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 75 शब्द)

(v) प्रश्न क्रमांक 22 से 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में एक आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं।(उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 150 शब्द)

(vi) प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में एक आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं।(उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 250 शब्द)

1. **(खण्ड-अ)** सही विकल्प चुनकर लिखिए :

(i) ईंट का बाजार होता है :
(अ) स्थानीय बाजार (ब) प्रान्तीय बाजार
(स) राष्ट्रीय बाजार (द) अन्तर्राष्ट्रीय बाजार

(ii) निम्न में से कौन पूर्व-निर्धारित होता है?
(अ) लाभ (ब) ब्याज
(स) (अ) एवं (ब) दोनों (द) इनमें से कोई नहीं

(iii) वितरण में किसका हिस्सा अनिश्चित रहता है?
(अ) भूमिपति (ब) पूँजीपति
(स) साहसी (द) संगठनकर्ता

(iv) निम्न में से कौन राजस्व की विषय-सामग्री नहीं है?
(अ) सार्वजनिक व्यय (ब) निजी व्यय
(स) सार्वजनिक आय (द) सार्वजनिक ऋण

(v) आर्थिक नियोजन का आधार होता है :
(अ) आर्थिक विकास (ब) सामाजिक विकास
(स) सांस्कृतिक विकास (द) राजनैतिक विकास

(खण्ड-ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(i) वस्तु विभाजन की समस्या ________ प्रणाली में लागू होती है।

(ii) वितरण में भूमिपति को भूमि के प्रयोग के बदले में ________ दिया जाता है।

(iii) टोल टैक्स ________ कर का उदाहरण है।

(iv) जिस बजट में व्यय, आय से अधिक होता है, उसे ________ बजट कहते हैं।

(v) आर्थिक नियोजन के लिए एक केन्द्रीय सत्ता की स्थापना की जाती है, जिसे ________ कहते हैं।

2. पूर्ण बाजार किसे कहते हैं?
3. अल्पाधिकार से आप क्या समझते हैं?
4. अनवरत योजना क्या है?
5. उच्च सहसम्बंध की सीमा क्या है?
6. विक्षेपण से आप क्या समझते हैं?
7. मृदा अपरदन का क्या अर्थ है?
8. खरीफ की फसल किसे कहते हैं?
9. भारत में कागज उद्योग मुख्य रूप से कहाँ स्थित है?
10. सीमांत भूमि को लगानहीन भूमि क्यों कहते हैं?
11. ''विशुद्ध एकाधिकार एक काल्पनिक स्थिति है।'' कैसे?
12. अधिकतम सामाजिक कल्याण राजस्व से कैसे संभव है? समझाइए।
13. विक्षेपण को द्वितीय श्रेणी का माध्य क्यों कहा जाता है?
14. नहरों के प्रकार लिखिए।
15. बड़े पैमाने के उद्योग के लाभ बताइए।(कोई **तीन**)
16. उत्तर भारत के मैदान का आर्थिक महत्व स्पष्ट कीजिए। (कोई **चार**)

अथवा

काली मिट्टी की विशेषताएँ बतलाइए। (कोई **चार**)

17. भारत में राष्ट्रीय आय में वृद्धि हेतु कोई **चार** सुझाव दीजिए।

अथवा

कार्यानुसार मजदूरी और समयानुसार मजदूरी में अंतर स्पष्ट कीजिए। (कोई **चार**)

a2zsubjects.com a2zsubjects.com
www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com
www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com

www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com
a2zsubjects.com

18. 7 प्रकार के लिपस्टिकों में दो महिलाओं द्वारा निम्न क्रम दिए गए हैं। स्पियरमैन की कोटि विधि द्वारा सहसम्बध-गुणांक ज्ञात कीजिए :

लिपस्टिक	A	B	C	D	E	F	G
आशा	2	1	4	3	5	7	6
लता	1	3	2	4	5	6	7

अथवा

निम्न आँकड़ों से कार्ल पियर्सन का सहसंबंध-गुणांक ज्ञात कीजिए :

X	20	30	40	50	60
Y	15	25	30	40	45

19. भारत में 'गैट' समझौता से होने वाले प्रभावों की विवेचना कीजिए।

अथवा

उदारीकरण के कोई **चार** लाभ लिखिए।

20. प्रत्यक्ष करों के कोई **चार** गुण लिखिए।

अथवा

सार्वजनिक वित्त एवं निजी वित्त में कोई **चार** अंतर लिखिए।

21. क्या सहसम्बन्ध, कारण एवं परिणाम के संबंध को बतलाता है? समझाइए।

अथवा

धनात्मक एवं ऋणात्मक सहसंबंध को तालिका बनाकर समझाइए।

22. निम्न बिन्दुओं के आधार पर हीराकुण्ड नदी घाटी योजना का वर्णन कीजिए :

(अ) नदी का नाम (ब) राज्य (स) **तीन** मुख्य लाभ

अथवा

खाद्य फसल एवं नकद फसल (व्यापारिक फसल) में अंतर लिखिए। (कोई **पाँच**)

23. पूर्ण प्रतियोगिता बाजार में वस्तु का मूल्य किस प्रकार निर्धारित होता है? उपयुक्त उदाहरण तथा रेखाचित्र की सहायता से समझाइए।

अथवा

एकाधिकारी अपना उद्देश्य कैसे पूरा कर सकता है? स्पष्ट कीजिए।

24. निम्न सूचनाओं से प्रथम एवं तृतीय चतुर्थक विचलन ज्ञात कीजिए :

क्रमांक	1	2	3	4	5	6	7
आकार	15	12	9	8	6	14	10

अथवा

निम्न आँकड़ों से माध्य द्वारा माध्य विचलन की गणना कीजिए :

क्रमांक	1	2	3	4	5	6	7
आयु वर्षों में	10	12	14	16	18	20	22

25. भारतीय कागज उद्योग की समस्याओं को समझाइए। (कोई **पाँच**)

अथवा

बिहार एवं उड़ीसा में लौह एवं इस्पात उद्योग के केन्द्रित होने के पाँच कारण लिखिए।

26. "भारत में पंचवर्षीय योजनाएँ पूर्ण रूप से सफल नहीं हैं।" कोई **छः** कारण दीजिए।

अथवा

आर्थिक नियोजन की विशेषताएँ समझाइए। (कोई **छः**)

27. वस्तु-विनिमय प्रणाली के **छः** दोषों (कठिनाइयों) को समझाइए।

अथवा

वस्तु की विशेषताएँ बाजार के विस्तार को कैसे प्रभावित करती हैं? (कोई **छः** कारण)

www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com
a2zsubjects.com a2zsubjects.com
www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com